कार्यालय नगर पंचायत,जयनगर।

मधुबनी पिन–847226

{Email Id:- eo.npjaynagar25@gmail.com}

स्वच्छता साथी के चयन हेतु विज्ञापन

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–4081 दिनांक–26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अर्न्तगत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा–निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

स्वच्छता साथी कौन होंगे :–

1. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है, परन्तु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अभ्यार्थी की उम्र 40 से अधिक न हो।
3. अभ्यार्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यार्थी की आवाज साफ हो, ताकि वे अच्छे से Communicate कर सकें।
5. अभ्यार्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यो में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
6. अभ्यार्थी के रूप में Weste Picker, Citizen Leader, SHG Member, Swachhagarhi, Sanitation Worker, Based Organizations ,oa RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
7. नगर पंचायत, स्तर पर कुल संख्या–05 स्वच्छता साथी।

स्वच्छता साथी से मिलने वाले लाभ :–

1. कार्य अवधि पाँच घंटे प्रतिदिन न्युनतम होगी।
2. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जायेगी।
3. छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।
4. मानदेय प्रत्येक माह के एक से पाँच तारीक तक देय होगा।
5. प्रतिदिन रू0 300.00 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानदेय 300X20=6000.00 रू0 मानदेय के रूप में देय होगा।
6. स्वस्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जाएगा, जिसकी अवधि अक्टूबर 2026 तक बढ़ाई जा सकती है।
7. प्रत्येक स्वच्छता साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए Engage किया जाएगा।
8. 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा, जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।
9. सभी स्वच्छता साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी देखेंगे।
10. छुट्टी एवं अन्य समस्याओं के मामले सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी देखेंगे।
11. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जायेगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोशजनक नहीं होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।
12. इस विज्ञापन के शर्तो को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के आंशिक या पूर्णतः संशोधित करने अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

नोट :–

1. यह किसी भी प्रकार से Permanet Position नहीं है। अथवा किसी भी तरह का Claim मान्य नहीं होगा। स्वच्छता साथी नगर निकाय के कर्मी नहीं माने जायेगें एवं भविष्य में किसी भी प्रकार का दैनिक/संविदा/नियमित की नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।

2. विशेष जानकारी नगर पंचायत, जयनगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।
3. आवेदन प्रपत्र नगर पंचायत, कार्यालय से प्राप्त कर, 25 जनवरी 2025 तक कार्यालय में जमा करना होगा।

11/01/24

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत जयनगर।

ज्ञापांक–69/ दिनांक–11/01/2024।

प्रतिलिपिः– ई– योजना प्रभारी नगर पंचायत जयनगर को सूचनार्थ करते हुए कहना है की IPRD,Bihar के पोर्टल पर सूचना अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः– सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, नगर पंचायत जयनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– प्रभारी प्रधान लिपिक/लेखापाल/नगर पंचायत जयनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, मधुबनी, को सूचनार्थ करते हुए कहना है की सूचना को मधुबनी NIC के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करेंगे।

प्रतिलिपिः– माननीय सदस्य, सशक्त स्थाई समिति नगर पंचायत जयनगर को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– माननीय मुख्य पार्षद/उप मुख्य पार्षद नगर पंचायत जयनगर को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता (राजस्व), मधुबनी को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी मधुबनी को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

11/01/24

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत जयनगर।